समारोह — प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण मध्य प्रदेश लगातार पिछड़ रहा

# लोगों की सुन नहीं रही, गूंगी बहरी बनी सरकार




**नवभारत/ नरसिंहपुर।** प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण मध्य प्रदेश लगातार पिछड़ रहा है सरकार लोगों की सुन नही रही गूंगी बहरी बनी हुई है। युवा किसान और महिलाएं परेशान हैं। उक्त आरोप वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस पर जिला कांग्रेस द्वारा जनपद कॉम्प्लेक्स में आयोजित समारोह में छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने लगाए। श्री नाथ ने रानी अवंती बाई के बलिदान पर चर्चा करते हुए कहा कि उनके संघर्ष से हम प्रेरणा लेना है और आज कांग्रेस को प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरना होगा। क्योंकि प्रदेश किसान युवा और महिला उत्पीड़न के मामलों में देश में अव्वल बन रहा है। सरकार हर मोर्चे पर असफल हो रही है महंगाई, बेरोजगारी बढ़ रही है और किसान परेशान है भ्रष्टाचार चरम पर है। आपने कहा कि अनेक स्थानों पर आंधी और बारिश के कारण रबि फसल को नुकसान हुआ है हमारी मांग है कि तत्काल सरकार सर्वे करा कर किसानों को मुआवजा दे। पूर्व सांसद नकुलनाथ ने बताया कि गैस पेट्रोल और अन्य चीजों के दाम कम करने की बात पर सत्ता में आई भाजपा लगातार इन वस्तुओं के दामों को बढ़ा रही है केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण गैस की समस्या बन गई है। श्रीनाथ ने आरोप लगाया कि प्रदेश और केंद्र सरकार के कारण लगातार शिक्षा स्वास्थ्य क्षेत्र में स्थिति बिगड़ रही है। आपने युवा महिला और किसानों से अनुरोध किया कि वे कांग्रेस पार्टी से जुड़कर आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने में सहयोग प्रदान करें। श्रीनाथ ने बताया कि पूर्व विधायक सुनील जायसवाल उन्हें नरसिंहपुर आने को कह रहे थे और संयोग है कि नवरात्रि के पर्व पर मेरा यहां आना हुआ। समारोह के प्रारंभ में पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने स्वागत भाषण देते



हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री कमलनाथ और नरसिंहपुर जिले के संबंधों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एन पी प्रजापति, पूर्व विधायक संजय शर्मा, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल, नरसिंहपुर जिला कांग्रेस प्रभारी आलोक मिश्रा, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया ने भी समारोह को संबोधित किया।

## व्यवस्था पूरी तरह अपर्याप्त साबित

समारोह में पूर्व विधायक दीनदयाल ढिमोले, विनय सक्सेना, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी, नरेंद्र राजपूत, दीवान शैलेंद्र सिंह, मनीष साहू, धनीराम पटेल के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अजय मालवीय ने किया। उक्त कार्यक्रम के पूर्व श्री नाथ के आगमन पर अनेक स्थानों पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। साथ ही पूर्व सांसद नकुल नाथ ने सांकल रोड के समीप जिला युवा कांग्रेस के कार्यालय का उद्घाटन किया। यहां पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पटेल ने उनका स्वागत कर इस स्मृति चिन्ह भेंट किया। श्री नाथ ने नरसिंहपुर जिला युवा कांग्रेस की सक्रियता की सराहना की।



## अचानक बिगड़े मौसम ने किसानों की बढ़ाई चिंता

**नवभारत, तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को अचानक तेज हवाओं के साथ हुई बूंदा-बांदी से किसानों की चिंतायें बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि खेतों में चना मसूर और गेंहू की फसल पकी हुई खड़ी है। और यदि मौसम आगे बिगड़ता है तो फसलों को नुकसान हो सकता है। 50 प्रतिशत से ज्यादा तो फसलें कट चुकीं हैं। लेकिन अभी थ्रेसिंग होना बाकी है। खेतों में लांक पड़ी हुई है। कुछ फसल कटने को खड़ी हुई है। गेहूं की फसल लगभग 80 प्रतिशत से ज्यादा खड़ी हुई है। हवायें चलने से गेहूं की फसल आड़ी हो सकती है। काटने में अधिक परेशानी होगी हार्वेस्टिंग नहीं हो सकती है। मौसम को देखते हुए किसान जी जान से फसल काटने में जुट गए हैं।

# नल-जल योजना के मोटर खराब, प्यासा नगर मना रहा सूखा उत्सव






**नवभारत/ नरसिंहपुर। गोटेगांव।** गोटेगांव नगर में इन दिनों जनप्रतिनिधियों की मौन साधना और विभागीय लापरवाही के चलते पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मुआर स्थित फिल्टर प्लांट की बदहाली ने नगर की प्यास बुझाने के दावों की पोल खोल दी है। यहाँ इंडियन ह्यूम पाइप कंपनी भोपाल और नगर के जिम्मेदारों ने मिलकर जल बचाओ अभियान को एक ऐसे नकारात्मक स्तर पर पहुँचा दिया है, जहाँ न मोटर चल रही है और न ही नलों से पानी आ रहा है। लापरवाही की डबल इंजन रफ्तार का आलम यह है कि चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर जब घर-घर में जल की शुद्धता और उपलब्धता अनिवार्य है, तब गोटेगांव की जनता बाल्टियाँ लेकर पानी ढूँढने के पुराने दौर में लौटने को मजबूर हो गई है।

## लापरवाही की इंतहा और सुस्त विभागीय कार्यप्रणाली

नगर में गहराया जल संकट किसी आकस्मिक घटना का परिणाम नहीं, बल्कि लंबे समय से बरती जा रही घोर लापरवाही है। पिछले एक महीने से फिल्टर प्लांट की एक मोटर खराब होकर विश्राम की मुद्रा में थी। चुनावी वादों की हकीकत और जनता की बढ़ती नाराजगीलेकिन न तो संबंधित कंपनी ने और न ही नगरपालिका के जल विभाग ने उसे सुधरवाना उचित समझा। हद तो तब हो गई जब अकेली बची दूसरी मोटर ने भी तीन दिन पहले दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि दूसरी मोटर का शाफ्ट टूटने से नर्मदा जल की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई। एक महीने तक पहली मोटर का खराब रहना और दूसरी के बंद होने तक हाथ पर हाथ धरे बैठे रहना, विभाग की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। गोटेगांव की प्यासी जनता अब उन नेताओं को तलाश रही है जो चुनाव के समय घर-घर जाकर पानी की तरह वादों की बौछार करते थे। आज भीषण गर्मी और नवरात्रि के समय जब जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है तब जनप्रतिनिधियों की चुप्पी और अधिकारियों का ढुलमुल रवैया हैरान करने वाला है। ऐसा प्रतीत होता है कि निजी कंपनी पर जिम्मेदारों का कोई अदृश्य आशीर्वाद है। जिसके कारण महीने भर से मोटर नहीं सुधारी गई। वर्तमान में नगरपालिका कुछ नलकूपों के माध्यम से जलापूर्ति का दावा तो कर रही है, लेकिन गर्मी के बढ़ते पारे और त्योहार के दबाव के कारण यह वैकल्पिक व्यवस्था पूरी तरह अपर्याप्त साबित हो रही है।

### इनका कहना है

नगरपालिका के पास वर्तमान में 29 नलकूप हैं, जिनसे हम नगर में जलापूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। मुआर घाट पर मोटर का शाफ्ट टूट जाने के कारण नर्मदा जल लाइन से पानी की आवक बंद है। हम निरंतर व्यवस्था बनाने में लगे हुए हैं और जिन क्षेत्रों में अधिक समस्या आ रही है, वहाँ टैंकरों के माध्यम से पानी पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है।

**-चंदनसिंह राजपूत** (सब इंजीनियर) नगरपालिका गोटेगांव



# संपन्न हुये अधिवक्ता संघ के चुनाव

**नवभारत, तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा अधिवक्ता संघ के चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें अध्यक्ष बसंत पटेल उपाध्यक्ष यामिनी राय सचिव अर्पित राय सह सचिव वर्षा जैन कोषाध्यक्ष सुनील कुमार पटेल तथा ग्रंथ पाल शिवगिरी गोस्वामी निर्वाचित हुए नव निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने में वरिष्ठ एड, चंदन श्रीवास्तव ब्रजेश शर्मा धाकड़ दिनेश धाकड़ की सराहनीय भूमिका रही। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं।

# राष्ट्रीय अधिवेशन में गोटेगांव साहू समाज हुआ सम्मानित

**नवभारत, गोटेगांव।** विगत दिवस संत शिरोमणि मां कर्मा जयंती के उपलक्ष में 18 मार्च को छिंदवाड़ा में आयोजित राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन इकाई छिंदवाड़ा के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तरीय 5वें अधिवेशन सामूहिक विवाह सम्मेलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम अध्यक्ष सांसद विवेक बंटी साहू छिंदवाड़ा पांढुणा, मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन मुरारी गुप्ता मुंबई, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन अशोक साहू छिंदवाड़ा, राष्ट्रीय संरक्षक पूर्व सांसद चंदूलाल साहू छतीसगढ़, राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन रामललित गुप्ता अलंकेशवर गुजरात, एडवोकेट



भावना साहू इंदौर, मध्यप्रदेश - प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज द्वारका साहू उज्जैन, साहू समाज अध्यक्ष सेवा ट्रस्ट नरेंद्र साहू छिंदवाड़ा, राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन इकाई राष्ट्रीय संगठन मंत्री गिरीश साहू छिंदवाड़ा ने आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान आमंत्रित नरसिंहपुर जिले के जिला अध्यक्ष भगवानदास बीड़ी साहू, आर.के साहू नरसिंहपुर, ओम प्रकाश साहू गाडरवारा पत्रकार आशीष साहू गोटेगांव एवं सुनील साहू गोंचर, सुनील साहू बौछार को आयोजन समिति द्वारा फूलमाला से साहू समाज उत्थान मंडल गोटेगांव के पदाधिकारीयों का मोमेंटो देकर विशेष रूप से सम्मान किया गया! इस भव्य आयोजन में 31 जोड़ों के विशेष पंडित आचार्यों के द्वारा पूर्ण विधि विधान मंत्र उच्चारण एवं सात फेरों के साथ विवाह संपन्न कराया गया वहीं उपहार में समिति द्वारा सेल्फ स्टाट मोटर साइकिल, सोफा सेट, आलमारी, ड्रेसिंग, सेंटर टेबल, डेजर्ट कूलर, गृहस्थी के बर्तन, घड़ी, रामचरित्र मानस, लड्डू गोपाल भगवान आसन इत्यादि उपहार स्वरूप प्रदान किए साथ ही अग्नि को साक्षी मानकर नवीन विवाहित 31 जोड़ों ने सात वचन लेकर अपने नव दांपत्य जीवन की हंसी-खुशी शुरुआत करते हुए आयोजन समिति के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट कर आशीर्वाद लिया। इस भव्य कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा विशाल भोजन व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाएं को व्यवस्थित रूप से संचालित कराई गई। जिसमें सामूहिक विवाह सम्मेलन में पहुंचे मुख्य अतिथियों सहित अन्य लोगों ने भी आयोजन समिति की भूरि भूरि प्रशंसा की।



# बेटियों ने बढ़ाया मान, वैश्य महासम्मेलन ने वैश्य गौरव सम्मान से पीएससी चयनित प्रतिभाओं को नवाजा

**नवभारत, साईखेड़ा।** वैश्य दिवस के पावन अवसर पर वैश्य महासम्मेलन जिला नरसिंहपुर द्वारा एक गरिमामयी सम्मान समारोह वैश्य गौरव सम्मान का आयोजन मधुबन रिसोर्ट, तेंदूखेड़ा में किया गया। इस कार्यक्रम में PSC परीक्षा में सफलता का परचम लहराकर जिले का नाम रोशन करने वाली तीन होनहार बेटियों— सुश्री पूजा सोनी, सुश्री प्राची जैन एवं सुश्री दीक्षा पाठ्यकार का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नरसिंहपुर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने चयनित बेटियों की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## एक नजर में



### जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हुआ नगर वाहन रैली के साथ हिंदू नववर्ष का उल्लास

**नवभारत/ गोटेगांव।** गोटेगांव नगर में चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित भव्य वाहन रैली की शुरुआत संकट मोचन वीर बजरंगबली की विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात भक्तों का विशाल कारवां जय श्रीराम के जयघोष के साथ नगर भ्रमण पर निकला। रैली में गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश विशेष रूप से सम्मिलित हुए, जिन्होंने श्रद्धालुओं के साथ सहभागिता करते हुए आयोजन की सराहना की। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज चौकसे, राजेश राजपूत, शुभम पटेल, दीपक सोनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और भक्तगण केसरिया ध्वज लेकर रैली में शामिल हुए।

### केबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह आज आमजनों से करेंगे मुलाकात

**नवभारत, गाडरवारा।** क्षेत्रीय विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का शनिवार, 21 मार्च को गाडरवारा आगमन हो रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री सिंह सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक लक्ष्मी टाउनशिप स्थित सेवा सदन कार्यालय में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट करेंगे। इसके पश्चात शाम 4 बजे से 6 बजे तक गाडरवारा नगर में प्रबुद्धजन एवं विभिन्न संगठनों के प्रमुख साथियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान मंत्री जी सेवा सदन में उपस्थित आम नागरिकों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे एवं उनके निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश देंगे।

### संबोधि दिवस पर एक दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन



**नवभारत, गाडरवारा।** स्थानीय ओशो लीला आश्रम में 21 मार्च को संबोधि दिवस के अवसर पर एक दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर स्वामी ध्यान आकाश के सानिध्य में संपन्न होगा, जिसमें ओशो की विभिन्न ध्यान विधियों का अभ्यास कराया जाएगा। इस शिविर में स्थानीय एवं बाहर से आए ओशो संन्यासी सहभागी बनकर ध्यान साधना का आनंद लेंगे और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करेंगे। पूरे दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में ओशो की विशेष ध्यान प्रक्रियाओं के माध्यम से साधकों को आत्मचिंतन और आंतरिक शांति का अनुभव कराया जाएगा। ज्ञात हो कि 21 मार्च का दिन ओशो अनुयायियों के लिए विशेष महत्व रखता है। इसी दिन वर्ष 1953 में जबलपुर के भंवरताल स्थित मौलश्री वृक्ष के नीचे ओशो को संबोधि (ज्ञानोदय) की प्राप्ति हुई थी। जबलपुर से ही उनकी आध्यात्मिक यात्रा का प्रारंभ हुआ, जो आगे चलकर मुंबई, पुणे के इंटरनेशनल कम्यून और अमेरिका के ओरेगॉन तक पहुंची, जहां उनकी ख्याति विश्व स्तर पर फैल गई। इस संबंध में जानकारी ओशो लीला आश्रम के मीडिया प्रभारी स्वामी राजेश नीरस द्वारा दी गई है।

# महाकौशल क्षेत्रीय गहोई सभा का आयोजन

**नवभारत/ गाडरवारा।** विगत दिवस महाकौशल क्षेत्रीय गहोई सभा के पदाधिकारियों के मनोनयन उपरांत शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन कोचर रिसोर्ट में स्थानीय गहोई समाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गहोई समाज के अध्यक्ष सुनील सोनी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल छिरोल्या (डल्लू भैया) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सावला, वरिष्ठ संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सेठ, मंत्री अमरचंद कठल, नवयुवक मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लकी नोगरैया, महाकौशल क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवकुमार नीखरा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, माँ सरस्वती पूजन एवं सूर्य आराधना के साथ हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण कर ध्वज गीत का गायन किया गया। महिला




मंडल द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुति दी गई। मंचासीन अतिथियों का स्वागत तिलक, माला एवं शाल-श्रीफल से किया गया। इसके उपरांत शपथ ग्रहण समारोह में महाकौशल क्षेत्रीय सभा, महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल के नवमनोनीत पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि रामगोपाल छिरोल्या ने अपने संबोधन में संगठन की एकजुटता को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताया तथा सेवा, समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। वहीं राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सावला ने महाकौशल क्षेत्र की विशेष पहचान एवं सामाजिक एकता की सराहना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर महाकौशल अध्यक्ष शिवकुमार नीखरा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में गाडरवारा गहोई समाज अध्यक्ष सुनील सोनी ने सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोजन प्रसादी के साथ हुआ।

# तीन रुपों में दर्शन देती है मां हरसिद्धी

**नवभारत, तेंदूखेड़ा।** शक्ति साधना का महापर्व चेत्रीय नवरात्र संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति भाव आस्था पूर्वक मनाया जा रहा है। श्रद्धालु जन अपनी अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार माता रानी की भक्ति में लीन बनें हुए हैं। कोई नंगे पैर तो कोई मौन धारण कर व्रत रखकर मातारानी की साधना कर रहे है। वहीं क्षेत्र का सबसे प्राचीन सिद्ध हरसिद्धि मंदिर में सुबह चार बजे से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां हरसिद्धि को जल चढ़ाने के लिए कतार वद्ध हो जाते हैं। शाम के समय भी आरती में दर्शनार्थियों की भीड़ एकत्रित हो जाती है। जनास्था के केंद्र बनें इस मंदिर में विराजमान मां हरसिद्धि देवी दिन में अपने तीन रुपों में दर्शन दिया करती हैं प्रात:काल बाल दोपहर में युवा और शाम को वृद्ध स्वरुप में दर्शन होते है। उनके हिसाब से ही चेहरा स्पष्ट झलकता है। वैसे तो प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं लेकिन चेत्रीय और शारदीय नवरात्र में मां हरसिद्धि देवी के दर्शन के




लिए दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में सपरिवार पहुंचा करते हैं। सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूर्ण होने के कारण लोगों की आस्था बनी हुई है। तथा नवरात्रि में पूजन के लिए श्रंद्धालुजन दूर दूर से यहां आकर पूजन अर्चन किया करते है मंदिर के इतिहास के बारे में पुराने लोग बताते हैं कि यह मंदिर लगभग 150 वर्ष पुराना है। किसी विश्वकर्मा श्रद्धालु द्वारा इसे बनवाया था। सागर जिले की रानगिर और इस मंदिर में विराजमान हरसिद्धि देवी एक स्वरुप में है। नगर के बाहर घने जंगल के बीच इस मंदिर को बनाया था। अधिक जंगल होने के कारण जंगली जानवरों का भी यहां पर डेरा बना रहता था। बाजू से बहने वाली नदी में वर्ष भर पानी रहने के कारण पानी पीने मंदिर के इर्द गिर्द जानवर घूमते नजर आते थे। घनघोरता और जानवरों के भय से लोग अकेले नहीं आ पाते थे। लेकिन शनै शनै कटते जंगलों के कारण जहां जानवर भी भाग निकले वहीं अब मंदिर परिसर ने विशाल स्वरुप धारण कर लिया है श्रद्धालु जनों के सहयोग से विशाल मंदिर बन गया है। वैसे तो वर्ष भर तरह-तरह के अनुष्ठान पूजन कार्यक्रम यहां पर चलते रहते हैं लेकिन नवरात्रि में विशेष साधना मंदिर परिसर में संपन्न हुआ करती हैं। अखंडज्योति के साथ दुर्गा पाठ परिसर में जवारे कलश तथा दुर्गा प्रतिमा भी विराजमान की जाती है। मंदिर की विशेष साज-सज्जा भी की गई है। यह मंदिर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 भोपाल जबलपुर सड़क मार्ग के बीचों-बीच तेंदूखेड़ा में स्थित है। मंदिर के रसिक पुजारी ने बताया कि काफी लंबे समय से यहां पर पूजन करते चले आ रहे हैं।

# साईखेड़ा में चैत्र नवरात्रि पर सजेगा मां का दरबार

## धार्मिक व सामाजिक संगठनों का होगा सम्मान

**नवभारत, साईखेड़ा।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में नगर साईखेड़ा में एक भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। नगर खेरापति माँ भगवती के सानिध्य में आयोजित इस खेरापति सम्मान समारोह के माध्यम से धर्म और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय अग्रणी संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा।

यह गरिमामयी कार्यक्रम नगर खेरापति माँ भगवती लोकवासी स्वर्गीय पंडित रामेश्वर दयाल जी बसेड़िया की पावन स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। बसेड़िया परिवार द्वारा आयोजित इस समारोह का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को गति देना और समाज में सांस्कृतिक व आध्यात्मिक जागरूकता फैलाना है। आयोजन समिति (नगर खेरापति बसेड़िया परिवार) ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि के इस शुभ अवसर पर उन



सभी धार्मिक और सामाजिक संगठनों, समितियों एवं महिला मंडलों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने समाज के उत्थान और धर्म की रक्षा में अपना सराहनीय योगदान दिया है। आयोजकों का मानना है कि ऐसी प्रतिभाओं और संस्थाओं का सम्मान करना संपूर्ण समाज के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। कार्यक्रम स्थल माँ बंजारी दरबार साईखेड़ा को विशेष रूप से सजाया गया है। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्ध जनों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

## मां राजराजेश्वरी का फूलों से हुआ श्रृंगार

**नवभारत, गोटेगांव।** समीपवर्ती धार्मिक स्थल परमहंसी गंगाआश्रम झौतेश्वर स्थित अतिसुंदर कलात्मक आकर्षक मनमोहक भव्य मंदिरजी में विराजमान अनंतकोटि ब्रह्मांड नायिका मां भगवती त्रिपुरसुंदरी राजराजेश्वरी माताजी का चैत्र नवरात्रि पावन पर्व नवसंवत्सर के शुभ अवसर पर प्रतिदिन अलग अलग रूप में श्रृंगार किया जाता है, इसी के चलते प्रथम दिवस माता शैलपुत्री मैया जी के स्वरूप में विभिन्न प्रकार के रंग बिरंगे सुगंधित फूलों से मातारानी का सुसज्जित मनोहरी आकर्षक दिव्य दर्शन हेतु भव्य श्रृंगार किया गया, मनमोहक अद्वितीय श्रृंगार को देखकर श्रद्धालुओं का मन



दर्शन करते ही प्रफुल्लित हो उठने के उपरांत मैयाजी के दरबार में श्रद्धालुबंधुओं द्वारा विशेष पूजन अर्चन आरती वंदन करने के पश्चात ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराजजी के समाधि स्थल पर जाकर दर्शनकर धर्मलाभ उठाकर अपना मानव जीवन धन्य किया।

# ईदगाह में होगी सामूहिक नमाज

**नवभारत, गाडरवारा।** पवित्र माह रमजान के समापन पर मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पूरे रमजान माह में रोजा रखकर, नमाज़ अदा कर और तिलावत करते हुए लोगों ने अल्लाह की इबादत की तथा दुआएं मांगीं। इस दौरान शहर में धार्मिक और खुशनुमा माहौल बना रहा, जहां सभी लोग नेक कामों में जुटे रहे। रमजान के आखिरी अलविदा जुमा पर मस्जिदों में नमाजियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों लोगों ने एक साथ नमाज अदा कर अल्लाह का शुक्र अदा किया। जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने इबादत की। नमाज से पहले हाफिज व कारी जुबेर आलम साहब ने तकरीर करते हुए पैगंबर हज़रत मोहम्मद मुस्तफा की सुन्नतों पर अमल करने और नेक रास्ते पर चलने की नसीहत दी। दुआ के दौरान देश की खुशहाली, तरक्की और अमन-चैन के लिए प्रार्थना की गई। ईद की नमाज़ का समय जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान के अनुसार, 21 मार्च को ईद-उल-फितर (मीठी ईद) की नमाज निम्न स्थानों पर अदा की जाएगी ईदगाह (राजीव वार्ड) ङ्क सुबह 8ज्30 बजे जामा मस्जिद (शुक्रवारा बाजार) ङ्क सुबह 9ज्00 बज छोटी मस्जिद (पानी की टंकी) ङ्क सुबह 9ज्00 बजे फैजान-ए-मदीना मस्जिद (बड़ेवली) ङ्क सुबह 9ज्30 बजे ईदगाह में सामूहिक नमाज हाफिज व कारी जुबेर आलम द्वारा अदा कराई जाएगी। ईद के मौके पर शहर के बाजारों में खासा उत्साह देखने को मिला। सेवइयों, मिठाइयों और पकवानों की दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई, वहीं कपड़ों की दुकानों पर भी भीड़ उमड़ पड़ी। चांद नजर आने के बाद मस्जिदों में एतकाफ पर बैठे लोगों को फूल-मालाओं से सम्मानित कर जुलूस के रूप में उनके घरों तक विदा किया गया, जिससे पूरे शहर में त्योहार की खुशियां और बढ़ गईं। ईद का यह पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देता है।